Bareilly, Sunday,
31 October 2021
BAREILLY EDITION
Price ₹ 3.00/-
Pages 20

दैनिक जागरण
inext

PAGE NO. : 07 MIDDLE

मिशन अकादमी और विद्या भवन के बीच खिताबी भिडंत

एक नवंबर को खेला जाएगा श्री राम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (30 Oct): श्री राम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट में शनिवार को दोनों सेमीफाइनल मैच खेले गए, जिसमें मिशन अकादमी 30 रन से मैच जीतकर पहली फाइनलिस्ट बनी. जबकि दूसरे सेमीफाइनल में 94 रन से जीत हासिल कर विद्या भवन ने फाइनल का टिकट पक्का किया. मिशन अकादमी के असद नदफ और विद्या भवन के सिद्धार्थ पाल को उनके सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए मैन आफ द मैच चुना गया. चीफ गेस्ट बरेली क्रिकेट एसोसिएशन के प्रेसीडेंट सरफराज वली खान और सेक्रेटरी सीताराम सक्सेना ने दोनों खिलाड़ियों को मैन आफ द मैच की ट्राफी प्रदान की. टूर्नामेंट आयोजन कमेटी के सेक्रेटरी सोवन मोहंती ने बताया कि एक नवंबर को मिशन अकादमी और विद्या भवन के बीच फाइनल मुकाबला खेला जाएगा.

68 रन पर आउट हुई डीपीएस

एसआरएमएस कालेज आफ इंजीनियरिंग के एसआरएमएस क्रिकेट ग्राउंड पर आज दोनों सेमीफाइनल मैच हुए, पहला मैच मिशन अकादमी और डीपीएस के बीच खेला गया. जिसमें टास जीतकर डीपीएस की टीम ने गेंदबाजी का निर्णय लिया. बल्लेबाजी करने उतरी मिशन अकादमी की टीम 20 ओवर में आठ विकेट खोकर 98 रन बना पायी. डीपीएस की ओर से सैफ शेख ने तीन और शिखर गुप्ता ने दो विकेट लिए, जवाब में की शुरुआत ऐ अच्छी नहीं रही. उसके बल्लेबाज एक के बाद एक अपना विकेट गंवाते रहे. जिससे डीपीएस की पूरी टीम 68 रन पर आलआउट हो गई. मिशन अकादमी की तरफ से सटीक गेंदबाजी करते हुए विशाल गंगवार और असद नदफ ने तीन-तीन विकेट झटके. असद नदफ ने गेंद और बल्ले दोनों से प्रभावित किया और मैन आफ द मैच बने.

बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले प्लेयर्स को सम्मान.

सिद्धार्थ पाल बने मैन ऑफ द मैच

दूसरा सेमीफाइनल विद्या भवन पब्लिक स्कूल और केंद्रीय विद्यालय के बीच खेला गया. जिसमें टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए विद्या भवन की टीम ने 20 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर 168 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया. इसमें कप्तान अनंतवीर ने 48 रन, सिद्धार्थ गौतम ने 46 रन, सिद्धार्थ पाल ने 32 रन और अल्तमश ने 26 रन शानदार पारी खेली. विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए केंद्रीय विद्यालय की टीम लड़खड़ाती नजर आई और 73 रन पर आल आउट हो गई. विद्या भवन ने इस मुकाबले को 98 रन के बड़े अंतर से जीत लिया. गेंदबाजी में सिद्धार्थ पाल, दक्ष चंदेल और हर्ष ने 2-2 विकेट लेकर टीम की जीत सुनिश्चित की. विद्या भवन के सिद्धार्थ पाल को उनके सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया.